संख्या : 708/छप्पन–14–9/14

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन, उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 02 जुलाई, 2014

विषय : निदेशालय के उच्चाधिकारियों/पायलटों आदि को सी0यू0जी0 मोबाइल सिमकार्ड की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक –73/ना0उ0वि0उ0प्र0/आप्स–36/2014, दिनांक 21 अप्रैल, 2014 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें नागरिक उड्डयन निदेशालय के उच्चाधिकारियों/पायलटों आदि को सी0यू0जी0 की सुविधा प्रदान किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निदेशालय के उच्चाधिकारियों/पायलटों आदि को सी0यू0जी0 की सुविधा प्रदान करने पर श्री राज्यपाल द्वारा सहमति प्रदान की जाती है। उक्त व्यय लेखा शीर्षक "2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेत्तर–114–वाहन का क्रय तथा रख रखाव–03–नागरिक उड्डयन निदेशालय" के सुसंगत मानक मद से वहन किया जायेगा।

3– उक्त आदेश वित्त विभाग के अशा0 पत्र संख्या– ई–7–997/दस–2014, दिनांक 02 जुलाई, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 708(1)/छप्पन–2014–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम,,उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–7
4– वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।